प्रेषक,

अपर मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
16–ए0पी0 सेन रोड, लखनऊ।

सेवा मे,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
जनपद–फर्रूखाबाद।

**पत्रांकः–एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / किशोर स्वास्थ्य / 21 / 2024–25 /** 9200 **दिनांकः** 19-07-2024

**विषयः– राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 27 से 30 जून, 2024 के मध्य किये गये सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की आख्या पर कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के पत्रांक–एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / एम0 एण्ड ई0 / 2024–25 / 18 / 1627–2 दिनांक–21.06.2024 के अनुपालन में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण हेतु दिए गए निर्देशानुसार राज्य स्तरीय टीम द्वारा दिनांक 27–30 जून 2024 के मध्य जनपद– फर्रूखाबाद का भ्रमण कर संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की गई।

पर्यवेक्षण दल द्वारा अनुश्रवण की गयी भ्रमण आख्या इस पत्र के साथ संलग्न कर इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि, उक्त आख्या पर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही कर बिन्दुवार अनुपालन आख्या एक सप्ताह के अन्दर अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

***संलग्नक–यथोक्त।***

भवदीय,

18/7/24

**(धीरेन्द्र सिंह सचान)**
अपर मिशन निदेशक

**पत्रांकः–एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / किशोर स्वास्थ्य / 21 / 2024–25 /** तद्दिनांक

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. जिलाधिकारी / अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, जनपद–फर्रूखाबाद।
2. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, कानपुर मण्डल।
3. महाप्रबन्धक, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
4. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, कानपुर मण्डल।
5. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला लेखा प्रबन्धक, जिला अरबन कोआर्डिनेटर, जनपदीय आर.के.एस.के. कोआर्डिनेटर एवं डी.ई.आई.सी. मैनेजर एन.एच.एम. जनपद–फर्रूखाबाद।
6. स्टाफ आफीसर, मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0।

**(डा0 आनन्द कुमार अग्रवाल)**
उपमहाप्रबंधक–किशोर स्वास्थ्य

प्रेषक,

अपर मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
16—ए0पी0 सेन रोड, लखनऊ।

सेवा मे,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
जनपद—फर्रूखाबाद।

**पत्रांकः—एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / किशोर स्वास्थ्य / 21 / 2024—25 /** दिनांकः 19-07-2024

**विषयः— राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 27 से 30 जून, 2024 के मध्य किये गये सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की आख्या पर कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के पत्रांक—एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / एम0 एण्ड ई0 / 2024—25 / 18 / 1627—2 दिनांक—21.06.2024 के अनुपालन में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण हेतु दिए गए निर्देशानुसार राज्य स्तरीय टीम द्वारा दिनांक 27—30 जून 2024 के मध्य जनपद— फर्रूखाबाद का भ्रमण कर संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की गई।

पर्यवेक्षण दल द्वारा अनुश्रवण की गयी भ्रमण आख्या इस पत्र के साथ संलग्न कर इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि, उक्त आख्या पर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही कर बिन्दुवार अनुपालन आख्या एक सप्ताह के अन्दर अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

*संलग्नक—यथोक्त।*

भवदीय,

**(धीरेन्द्र सिंह सचान)**
अपर मिशन निदेशक

**पत्रांकः—एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / किशोर स्वास्थ्य / 21 / 2024—25 /** 2200-6 तद्दिनांक

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—**

1. जिलाधिकारी / अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, जनपद—फर्रूखाबाद।
2. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, कानपुर मण्डल।
3. महाप्रबन्धक, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
4. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, कानपुर मण्डल।
5. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला लेखा प्रबन्धक, जिला अरबन कोआर्डिनेटर, जनपदीय आर.के.एस.के. कोआर्डिनेटर एवं डी.ई.आई.सी. मैनेजर एन.एच.एम. जनपद—फर्रूखाबाद।
6. स्टाफ आफीसर, मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0।

**(डा0 आनन्द कुमार अग्रवाल)**
उपमहाप्रबंधक—किशोर स्वास्थ्य

## पर्यवेक्षण आख्या जनपद–फर्रुखाबाद।
## भ्रमण दिनांक 27–30 जून 2024

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के पत्रांक–एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/एम0 एण्ड ई0/2024–25/18/1627–2 दिनांक–21.06.2024 के अनुपालन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक–27–30 जून 2024 के मध्य सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के अन्तर्गत जनपद–फर्रुखाबाद का भ्रमण कर संचालित स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यय की समीक्षा की गई।

टीम के सदस्य –

1. **डा0 आनन्द कुमार अग्रवाल,** डी0जी0एम0 आर0के0एस0के0, एस.पी.एम.यू.,एन.एच.एम, लखनऊ।
2. **श्री बलराम तिवारी,** रीजनल कोऑडिनेटर–स्टेट,सी0पी0,एस.पी.एम.यू.,एन.एच.एम, लखनऊ।
3. **श्री जमाल अहमद,** कार्यक्रम समन्वयक, आर0टी0आई0, एस.पी.एम.यू., एन.एच.एम, लखनऊ।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र(एफ.आर.यू.) कमालगंज।
### दिनांक–27.06.2024

| भ्रमण बिन्दु | सुझाव/सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| • **लेबर रूम**–प्रसव कक्ष की स्थिति दयनीय है। सफाई व्यवस्था संतोष जनक नहीं थी। प्रसव कक्ष से सम्बन्धित रजिस्टर व्यवस्थित नहीं पाया गया।<br>• 02 डिलीवरी टेबल हैं, जिसके सापेक्ष सिर्फ 01 डिलीवरी सेट तैयार था, | अतिरिक्त डिलीवरी सेट की आवश्यकता है। | लेबर रूम स्टॉफ नर्स/ चिकित्सा अधीक्षक, सी0एच0सी0, कमालगंज, एवं मातृ स्वास्थ्य समन्वयक फर्रूखाबाद |
| • प्रसव कक्ष में उपयोग में लाए जा रहे दानों प्रसव मेज़ पर Kellys Pad नहीं थे।<br>• प्रसव कक्ष में प्रोटोकॉल पोस्टर नहीं थे एवं डिजिटल वाल क्लॉक खराब पाया गया।<br>• प्रसव मेज़ के पास बायोमेडिकल बिन नहीं रखा था। | प्रसव कक्ष में कार्यरत नर्स को स्टोर से Kelis Pad दिला दिया गया। | |
| • लेबर रूम के बाहर Shoe Rack, Shoe Cover, Sleeper, Mask आदि की व्यवस्था नहीं की गई है<br>• कार्यरत स्टॉफ नर्सों को लेबर रूम प्रोटोकॉल/ सेफ्टी प्रोटोकॉल, एवं इंफेक्सन कन्ट्रॉल की जानकारी हेतु Re-orientation की आवश्यक्ता है।<br>• सामान्य प्रसव वाले अधिकतर लाभार्थी 48 घन्टे नहीं रूक रहे हैं।<br>• Case Sheet एवं प्रसव कक्ष से सम्बन्धित अन्य किसी भी रजिस्टर पर, लाभार्थी का मोबाईल नम्बर अंकित नहीं किया जा रहा है।<br>• जे.एस.एस.के. के अर्न्तगत लाभार्थी को दिया जाने वाला डाईट के मानक से सभी कर्मी अनिभिज्ञ थे। एवं डाईट चार्ट भी कहीं Display नहीं किया गया है। एवं इसका भुगतान अप्रैल | कार्यरत स्टॉफ नर्सों को लेबर रूम प्रोटोकॉल/ सेफ्टी प्रोटोकॉल, एवं इंफेक्सन कन्ट्रॉल की जानकारी हेतु Re-orientation कराया जाने की आवश्यक्ता है। | मातृ स्वास्थ्य समन्वयक एवं जिला क्वालिटी सलाहकार, फर्रूखाबाद |

| | | |
|---|---|---|
| 2024 से अभी तक नहीं किया गया है।<br>• उपकरणों के स्ट्रलइाजेशन का डाटा अंकन हेतु ऑटोक्लेव रजिस्टर नहीं बनाया गया था।<br>• Case Sheet, In complete पाया गया एवं संलग्न पार्टोग्रफ नहीं भरे जा रहे हैं। फैमिली प्लानिंग काउन्सलर द्वारा भर्ती मरीजों की काउन्सिलिंग नही की जा रही है।<br>• चिकित्सालय में ब्लड स्टोरेज यूनिट भी नहीं है।<br>• लेबर रूम में 07 ट्रे अपूर्ण एवं अव्यवस्थित पाया गया। ऐसा प्रतीत होता है 07 ट्रे का प्रयोग नही किया जा रहा है।<br>• लेबर रूम में एम्बुलेंस रजिस्टर नहीं पाया गया। | | |
| • चिकित्सालय परिसर में कहीं पर भी EDL Display नहीं किया गया है।<br>• फार्मासिस्ट द्वारा विफ्स आई0एफ0ए0 ब्लू टैबलेट समस्त ए0एन0एम0 को वी0एच0एन0 डी0 सत्र हेतु वितरित कराई गई है।<br>• फार्मासिस्ट द्वारा स्टॉक रजिस्टर नियमानुसार नहीं बनाये गए हैं। | चीफ फार्मासिस्ट को दवा वितरण कक्ष के बाहर EDL Display कराये जाने एवं स्टॉक रजिस्टर नियमानुसार बनाये जाने हेतु सुझाव दिया गया। | चीफ फार्मासिस्ट/ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, सी0एच0सी0 कमालगंज, फर्रूखाबाद |
| • दिनांक 20.06.2024 को आशा संगिनी मीटिंग की कार्यवाही रजिस्टर पर विस्तारपूर्वक नहीं लिखा गया एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी के हस्ताक्षर नहीं पाये गए। | | ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर/ जिला कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर |
| • चिकित्सालय पर तैनात श्री ज्ञानदीप, वरिष्ट सहायक की उपस्थिति कई महीनों से उपस्थिति रजिस्टर पर नहीं पाई गई। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 अजय कुमार सिंह द्वारा टीम को अवगत कराया गया कि, वह कार्यालय–मुख्य चिकित्साधिकारी, फर्रूखाबाद से सम्बद्व हैं। परन्तु इस सम्बन्ध में कोई अटैचमेन्ट लेटर/आदेश चिकित्सालय कर्यालय में उपलब्ध नहीं हैं। श्री ज्ञानदीप, वरिष्ट सहायक के वेतन का भुगतान बिना किसी उपस्थिति सत्यापन के सी0एच0सी0 कमालगंज, के स्तर से की जा रही है। | | चिकित्सा अधीक्षक, सी0एच0सी0 कमालगंज, एवं मुख्य चिकित्साधिकारी, फर्रूखाबाद |
| • अग्निशामक यंत्र लगा है परन्तु अग्निशामक यंत्र के संचालन हेतु कोई भी अधिकारी/कर्मी प्रशिक्षित नहीं है। | निकट के अग्निशामक कार्यालय से सम्पर्क कर प्रशिक्षण कराया जाना अपेक्षित है। | ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर/ चिकित्सा अधीक्षक, सी0एच0सी0 कमालगंज |

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र–अमृतपुर
## (राजेपुर ब्लॉक)

| भ्रमण बिन्दु | सुझाव / सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| • प्रसव कक्ष की स्थिति एवं सफाई व्यवस्था संतोष जनक थी। परन्तु प्रसव कक्ष से सम्बन्धित रजिस्टर व्यवस्थित नहीं पाया गया। पार्टोग्राफ नहीं भरे जा रहें हैं।<br>• प्रसव मेंज़ पर सही स्थिति में Kellys Pad रखा पाया गया।<br>• लेबर रूम के बाहर Shoe Rack, Shoe Cover, Sleeper, Mask आदि की व्यवस्था की गई थी।<br>• कार्यरत स्टॉफ नर्सों को लेबर रूम प्रोटोकॉल / सेफ्टी प्रोटोकॉल, एवं इंफेक्सन कन्ट्रॉल की जानकारी हेतु Re-orientation की आवश्यक्ता है।<br>• सामान्य प्रसव वाले अधिकतर लाभार्थी 48 घन्टे नहीं रूक रहे हैं।<br>• लेबर रूम में लगे वाश बेशिन पर एलबो टेप नहीं पाये गए एवं लेबर रूम की खिड़की के शीशे टूटे हुए थे। | लाभार्थियों के लम्बित भुगतान को जल्द कराने हेतु सुझाव दिया गया।<br>कार्यरत स्टॉफ नर्सों को लेबर रूम प्रोटोकॉल / सेफ्टी प्रोटोकॉल, एवं इंफेक्सन कन्ट्रॉल की जानकारी हेतु Re-orientation कराया जाए। | लेबर रूम स्टॉफ नर्स / प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, पी0एच0सी0 अमृतपुर, |
| • अग्निशामक यंत्र लगा है परन्तु अग्निशामक यंत्र के संचालन हेतु कोई भी अधिकारी / कर्मी प्रशिक्षित नहीं है। | निकट के अग्निशामक कार्यालय से सम्पर्क कर प्रशिक्षण कराया जाना अपेक्षित है। | ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक / एवं पी0एच0सी0 अमृतपुर |

## आयुष्मान आरोग्य मन्दिर, (उप स्वास्थ्य केन्द्र) चाचूपुर, राजेपुर ब्लॉक
## दिनांक 27.06.2024

- आयुष्मान आरोग्य मन्दिर (उप स्वास्थ्य केन्द्र) सरकारी भवन में स्थित है। जिसके अन्तर्गगत 6492 की जनसंख्या को स्वास्थ्य सेवाऐं प्रदान की जा रही हैं।
- इस आयुष्मान आरोग्य मन्दिर पर सुश्री आंचल यादव, सी0एच0ओ0, एक ए0एन0एम0 एवं 06 आशायें कार्यरत हैं।
- सभी कार्यरत कर्मी एन0सी0डी0 प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं।
- Electricity Connection है एवं Power Backup की व्यकल्पिक व्यवस्था की गई है।
- 24X7 रनिंग वाटर की सुविधा नहीं है। हैंण्ड पम्प द्वारा जल की अपूर्ति की जा रही है।

- हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर पर संस्थागत प्रसव का प्राविधान नहीं है। केवल OPD की सेवायें दी जा रही हैं।
- केन्द्र पर कुल 06 प्रकार की Diagnostic Test की सेवायें दी जा रही हैं।
- हाईपरटेंशन की दवा उपलब्ध नहीं थी।
- एन.सी.डी. स्क्रिनिंग एवं ट्रीटमेंट हेतु एन.सी.डी. पोर्टल पर ऑन लाईन अपडेट किया जा रहा है।
- योगा एवं अन्य वेलनेस गतिविधियों हेतु कार्ययोजना बनाई गई है एवं प्रयाप्त स्थान उपलब्ध है। समय समय पर इसका आयोजन होता रहता है।
- प्रोटोकॉल पोस्टर पाए गए।
- ई–संजीवनी Tele Consultation के माध्यम से मरीज़ों को सी0एच0ओ0 द्वारा चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है।
- उपलब्ध दवाओं का रख रखाव ठीक प्रकार से किया जा रहा है।
- केन्द्र के आस–पास गन्दगी देखने को मिली। सी0एच0ओ0 एवं ए0एन0एम0 को सुझाव दिया गया कि इस सम्बन्ध में ग्राम प्रधान से मिलकर इसका समाधान कर लें।

**डा0 राम मनोहर लोहिया जिला महिला चिकित्सालय, फर्रुखाबाद।**
**दिनांक–28.06.2024**

| भ्रमण बिन्दु | सुझाव / सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| • लेबर रूम में 06 डिलीवरी टेबल हैं, जिसके सापेक्ष सिर्फ 01 डिलीवरी सेट तैयार था, एक ऑटोक्लेव में लगा हुआ है। एक अन्य डिलीवरी सेट की आवश्यकता है।<br>• लेबर रूम में बच्चे के लिए बेबी टॉवल (सॉफ्ट) चाहिए।<br>• डायट रजिस्टर में वार्ड प्रभारी के हस्ताक्षर किये जाने हैं।<br>• डायट रजिस्टर में डायट क्या दी है वह लिखा नही था।<br>• एम्बुलेन्स रजिस्टर में मरीज कौन था, रिसीव कौन कर रहा था, यह लिखा नही था।<br>• एम्बुलेन्स रजिस्टर प्रभारी द्वारा seen नही किया जा रहा है।<br>• ड्रापबैक रजिस्टर में कितने लाभार्थी गये यह 15 से 20 दिन बाद चढ़ाये जा रहे हैं, तत्काल नही चढ़ाये जा रहे हैं।<br>• डायट टेण्डर में क्या डायट मीनू है, वह सभी वार्डों में डिस्प्ले कराये जाने हैं।<br>• आर.के.एस. फण्ड अप्रैल 24 से अभी तक जनपद से ट्रान्सफर नही किया गया।<br>• जे.एस.वाय. के अंतर्गत 670 डिलीवरी हुयी जिसमें 570 का ही पेमेण्ट हुआ। | कार्यरत स्टॉफ नर्सों को लेबर रूम प्रोटोकॉल / सेफ्टी प्रोटोकॉल, एवं इंफेक्सन कन्ट्रॉल की जानकारी हेतु Re-orientation कराया जाए। | हॉस्पिटल मैनेजर / मातृ स्वास्थ्य समन्वयक / जिला क्वालिटी सलाहकार, फर्रुखाबाद |

| | | |
|---|---|---|
| • फैमिली प्लानिंग में काउन्सलर द्वारा सही से रजिस्टर नही भरा जा रहा है।<br>• फैमिली प्लानिंग काउन्सलर श्रीमती सुनीता द्वारा भर्ती मरीजों की काउन्सिलिंग नही की जा रही है।<br>• अस्पताल में मानव संसाधन की अत्यंत कमी है। परिणामस्वरूप ए0एन0सी0 एवं पी0एन0सी0 वार्ड में कार्य सुचारू रूप से नहीं हो रहा है।<br>• एस0एन0सी0यू0 का संचालन काफी बेहतर हो रहा है। स्टेप डाउन तथा के0एम0सी0 वार्ड का रख–रखाव काफी सराहनीय है।<br>• एन0आर0सी0 का संचालन भी बहुत कुशलता से किया जा रहा है। साफ सुथरा एवं सुसज्जित एन0आर0सी0 का सभी स्टाफ नियमित एवं अपडेटेड है।<br>• साथिया केन्द्र की काउंसलर के रजिस्टर एवं रिपोर्ट में भिन्नता पाई गई।<br>• ए0एफ0एच0सी0 कार्ड मानकानुरूप नहीं पाए गए।<br>• साथिया केन्द्र पर हैण्डआउट नहीं पाए गए। | | |

**शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भोलेपुर, राजेपुर, फर्रुखाबाद।**
**दिनांक–28.06.2024**

| भ्रमण बिन्दु | सुझाव / सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| • इण्टरनल एवं एक्सटर्नल लेवल पर ब्राण्डिग दिशानिर्देशानुसार नही है।<br>• आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के प्रिण्टेड रजिस्टर उपलब्ध नही थे।<br>• मेडिकल आफीसर के पास लैपटॉप नही था।<br>• आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में रिकार्ड व रजिस्टर अपडेट नहीं थे।<br>• वेलनेस रूम नही बना है।<br>• एन0सी0डी0 रूम प्रापर फंक्शनल नही था। एन.सी.डी. की रिर्पोटिंग अपडेट करते हुये फाइल नहीं की जा रही है।<br>• आर0के0एस0 फण्ड जनपद से व्यय किया जा रहा है, जो कि यू0पी0एच0सी0 से ही की जानी है।<br>• जे0ए0एस0 रजिस्टर में मीटिंग मिनट्स नही है।<br>• एन0सी0डी0 का प्रशिक्षण नही करायी गयी है।<br>• | | प्रभारी चिकित्साधिकारी / जिला अरबन कोओर्डीनेटर / नोडल एन0यू0एच0एम0 |

| | | |
|---|---|---|
| • आशा के भुगतान सम्बन्धित पुराने बाउचर का प्रयोग किया जा रहा है।<br>• आशा भुगतान का विवरण उपलब्ध नही है।<br>• जे0ए0एस0 का खाता नही खुला है।<br>• जे0ए0एस0 व आर0के0एस0 का रजिस्टर 2018 से नही बना है।<br>• सीबैक फार्म अप्राप्त थे व जानकारी भी नही थी। | | |

**वी0एच0एन0डी0(सामुदायिक गतिविधियां)**
**अर्जुनपुर, ब्लाक–मोहम्दाबाद, फर्रुखाबाद।**
**(श्री प्रभाकर तिवारी का घर)**
**दिनांक–29.06.2024**

- वी0एच0एन0डी0 सत्र पर ए0एन0एम0 श्रीमती आराधना, आशा श्रीमती स्नेहलता एवं श्रीमती मम्ता तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री मीरा देवी उपस्थित थीं।
- वी0एच0एन0डी0 सत्र पर बैनर नही लगा हुआ था।
- आशा वी0एच0आई0आर0 पूर्ण नही था।
- एन0सी0डी0 कार्यक्रम के अन्तर्गत स्क्रीनिंग वी0एच0एन0डी0 सत्र पर सी0एच0ओ0 द्वारा नही की जा रही थी।
- टीकाकरण टैली सीट ए0एन0एम के पास अपूर्ण थी।
- आशा, ए0एन0एम0, एवं आंगनबाड़ी की ड्युलिस्ट आपस में मैच नही कर रही थी।
- सत्र पर एच0आई0वी0 वैक्सीन कैरियर उपलब्ध नही था।
- आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पास वजन मशीन, कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नही थे।
- आईस पैक का बर्फ पिघल चुका था।
- क्षेत्र में कोई भी Severe Acute Malnutrition (SAM) बच्चा चिन्हित नहीं है।
- पहली बार गर्भ धारित महिला का नियमित रूप से पंजीकरण किया जा रहा है।
- इस क्षेत्र में कोई भी लाभार्थी क्षय रोग से पीड़ित चिन्हित नहीं है।

| | | |
|---|---|---|
| • अनुश्रवण एवं मूल्यांकन के अन्तर्गत जिला एवं ब्लॉक स्तर के वाहनों का उपयोग दिशा निर्देश के अनुसार नहीं हो रहा है। सहयोगात्मक पर्यवेक्षण से सम्बन्धित चेकलिस्ट किसी भी स्तर पर भरे नहीं जा रहे है। ना ही उसकी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। | समस्त चिकित्सा अधीक्षक, सी0एच0सी0, को सहयोगात्मक पर्यवेक्षण से सम्बन्धित दिशा निर्देश के अनुसार भ्रमण सुचारू बनाने हेतु सुझाव दिया गया। | समस्त चिकित्सा अधीक्षक, सी0एच0सी0, /नोडल अनुश्रवण एवं मूल्यांकन, / मुख्य चिकित्साधिकारी, फर्रुखाबाद |

**मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला**
**प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जहानगंज, फर्रुखाबाद।**
**दिनांक–30.06.2024**

- मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में दिशा निर्देश के अनुसार कोई भी व्यवस्था नहीं की गई थी।
- आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड, नहीं बन रहे थे।
- गर्भावस्था एवं प्रसव कालीन परामर्श, संस्थागत प्रसव संबंधी जागरूता नहीं दिए जा रहे थे।
- जन्म पंजीकरण परामर्श, नवजात शिशु स्वास्थ्य सुरक्षा परामर्श, एवं सेवाऐं नहीं दिए जा रहे थे।
- बच्चों में डायरिया एवं निमोनिया की रोकथाम, परिवार नियोजन सम्बन्धी परामर्श एवं सुविधाएं, विशेषकर अंतरा छाया आदि, से सम्बन्धित सेवाओं के लाभ हेतु लाभार्थी का अभाव देखा गया।
- मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही थी।

**समीक्षा बैठक**

जनपद के विभिन्न चिकित्सा स्वास्थ्य केन्द्रों, के पर्यवेक्षण के उपरान्त राज्य स्तरीय पर्यवेक्षण टीम द्वारा, मुख्य चिकित्साधिकारी, जनपद–फर्रुखाबाद, की अध्यक्षता में जनपद के समस्त चिकित्सा अधीक्षक, प्रभारी चिकित्साधिकारी, एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई के अधिकारियों एवं ब्लॉक स्तर के अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा समस्त ब्लाकवार 10 इंडीकेटर्स पर बिन्दुवार चर्चा की गयी व इन पर अपनी अपनी इकाईयों पर समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों/अधीक्षकों द्वारा नियमित समीक्षा किये जाने के निर्देश दिये गये। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से सम्बन्धित चल रहे कार्यक्रमों को और भी बेहतर करने हेतु विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में राज्य स्तरीय टीम द्वारा सुझाव दिया गया कि जनपद स्तरीय कार्यक्रम नोडल अधिकारी तथा एन.एच.एम. के जनपद स्तरीय अधिकारियों की टीम बनाकर समस्त इकाईयों पर नियमानुसार निर्धारित कार्ययोजना बनाकर सहयोगात्मक पर्यवेक्षण करते हुये इकाईयों में स्वास्थ्य सेवायें व अभिलेखीकरण आदि सुनिश्चित कराया जाये। टीम द्वारा भ्रमण के दौरान पाये गए गैप्स से मुख्य चिकित्साधिकारी, जनपद–फर्रुखाबाद एवं अन्य अधिकारियों/कर्मियों को अवगत कराया गया।

मुख्य चिकित्साधिकारी फर्रुखाबाद द्वारा टीम को आश्वस्त किया गया कि टीम द्वारा उपलब्ध कराये गए रिपोर्ट के आधार पर समस्त गैप्स को जल्द ही दूर करा दिया जाएगा।

| | | |
|---|---|---|
| **(जमाल अहमद)** | **(बलराम तिवारी)** | **(डा0 ए0के0 अग्रवाल)** |
| कार्यक्रम समन्वयक, जनसूचना | रीजनल कोऑडिनेटर–स्टेट | उपमहाप्रबन्धक, आर.के.एस.के. |